रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/92 REGISTERED NO. DL—33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 22] नई दिल्ली, शनिवार, मई 30, 1992 (ज्येष्ठ 9, 1914)
No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 30, 1992 (JYAISTHA 9, 1914)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

बम्बई–400005, दिनांक 21 अप्रैल 1992

सं० 120/12/01/001/92--भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक दिनांक 3 मई, 1991 की अधिसूचना बैंपविवि० सं० आर० ई० टी० बी० सी० 120/सी/96(आर०ई०टी०)–91 में संशोधन करके इसके द्वारा निदेश देता है कि शुद्ध मांग और मीयादी देयताओं में 17 अप्रैल, 1992 के स्तर से अधिक की किसी भी वृद्धि के लिए 10 प्रतिशत का वृद्धिशील प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात रखने से सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को छूट दी जायेगी । तथापि 10 प्रतिशत का वृद्धिशील प्रारक्षित निधि नकदी अनुपात 17 अप्रैल 1992 को शुद्ध मांग और मीयादी देयताओं के स्तर तक के लिए जारी रहेगा ।

कुमारी वि० विश्वनाथन
कार्यपालक निदेशक

केनरा बैंक

कार्मिक व निवेश विभाग

प्रधान कार्यालय

बेंगलूर–560002, दिनांक 29 अप्रैल 1992

सं० कार्विकाप्र 4420/71 राव--केनरा बैंक का निदेशक बोर्ड, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से, केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 को आगे आशोधित करने के लिए एतद्द्वारा निम्न विनियम बनाता है :—

2. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :

(1) इन विनियमों का नाम केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम 1979 है ।

(2) ये विनियम अधिकारक राज पत्र में उनके प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

3. आशोधन का ब्यौरा
जैसे अनुबंध में दिया गया है ।

कार्मिक प्रबन्धन अनुभाग

क्रम सं०	विनियम संख्या	वर्तमान विनियम	विनियम का आशोधित रूपांतर बोर्ड द्वारा किये गये आशोधन को ध्यान में रखने के बाद	बोर्ड द्वारा आशोधन अपनाये जाने की तारीख	अभ्युक्तियां
1.	23(VIII)	दिन के दौरान उसका कार्य-समय न्यूनतम 2 घण्टों के अन्तराल के साथ विभाजित हुआ है तो प्र मा 25 रु० का विभाजित ड्यूटी भत्ता	23(VIII) 1-1-1990 को और उस तारीख से दिन के दौरान उसका कार्य-समय न्यूनतम 2 घण्टों के अन्तराल के साथ विभाजित हुआ है तो प्र मा 35 रु० का विभाजित ड्यूटी भत्ता	14-3-1992	
2.	41(4)	1-1-1987 को और उस तारीख से निम्न सारणी के प्रथम स्तम्भ में वर्णित श्रेणी/वेतनमान का अधिकारी द्वितीय स्तम्भ में वर्णित तदनुरूपी विराम भत्ते का पात्र होगा :	41(4) 1-6-1991 को और उस तारीख से निम्न सारणी के प्रथम स्तम्भ में वर्णित श्रेणी/वेतनमान का अधिकारी द्वितीय स्तम्भ में वर्णित तदनुरूपी विराम भत्ते का पात्र होगा :	14-3-1992	

(1)	(2)		
अधिकारियों की श्रेणियां/वेतनमान	दैनिक भत्ता (रुपये)		
	प्रमुख "क" वर्ग के नगर	क्षेत्र-I	अन्य स्थान
वेतनमान-VI व VII	100.00	80.00	60.00
वेतनमान-IV व V	100.00	80.00	60.00
वेतनमान-II व III	70.00	60.00	50.00
वेतनमान-I	70.00	60.00	50.00

बशर्ते कि

क. यदि कुल अनुपस्थिति अवधि 8 घण्टों से कम किन्तु 4 घण्टों से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता संदाय होगा।

ख. विभिन्न श्रेणियों/वेतनमानों के अधिकारियों को होटल के वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति की जा सकती है, जो नीचे बताई गई सीमा तक भारतीय पर्यटन विकास निगम के होटलों में एकल आवास कमरे के प्रभारों तक सीमित होगी :

(1)	(2)		
अधिकारियों की श्रेणियां/वेतनमान	दैनिक भत्ता (रुपये)		
	प्रमुख "क" वर्ग के नगर	क्षेत्र-I	अन्य स्थान
वेतनमान-IV और उससे ऊपर के अधिकारी	120.00	100.00	85.00
वेतनमान I/II/III के अधिकारी	100.00	85.00	75.00

बशर्ते कि

क. यदि कुल अनुपस्थिति अवधि 8 घण्टों से कम किन्तु 4 घण्टों से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता संदाय होगा ।

ख. विभिन्न श्रेणियों/वेतनमानों के अधिकारियों को होटल के वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति की जा सकती है, जो नीचे बताई गई सीमा तक भारतीय पर्यटन विकास निगम के होटलों में एकल आवास के प्रभारों तक सीमित होगी :

क्रम सं०	विनियम संख्या	वर्तमान विनियम				विनियम का आशोधित रूपांतर बोर्ड द्वारा आशोधन बोर्ड द्वारा किये गये आशोधन को अपनाए जाने की ध्यान में रखने के बाद तारीख					अभ्युक्तियां
		खान-पान व्यय (रुपये)					खान-पान व्यय (रुपये)				
		अधिकारियों की श्रेणियां वेतनमान	ठहरने की पात्रता	प्रमुख "क" वर्ग के नगर	क्षेत्र-I	अन्य स्थान	अधिकारियों की श्रेणियां/ वेतनमान	ठहरने की पात्रता	प्रमुख "क" वर्ग के नगर	क्षेत्र-I	अन्य स्थान	
		(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	
		वेतनमान VI व VII	4*होटल	100.00	80.00	60.00	वेतनमान VI व VII	4*होटल	120.00	100.00	85.00	
		वेतनमान IV व V	3*होटल	100.00	80.00	60.00	वेतनमान IV व V	3* होटल	120.00	100.00	85.00	
		वेतनमान II व III	2*होटल (अवासा०)	70.00	60.00	50.00	वेतनमान II व III	2*होटल (अवासा०)	100.00	85.00	75.00	
		वेतनमान-I	1*होटल (अवासा०)	70.00	60.00	50.00	वेतनमान-I	1*होटल (अवासा०)	100.00	85.00	75.00	
		ग. यदि विराम स्थान पर निशुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है तो 3/4 विराम भत्ता अनुमत होगा।					ग. यदि आवास व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक के माध्यम से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती है तो 3/4 विराम भत्ता अनुमत होगा।					
		घ. यदि विराम स्थान पर निशुल्क भोजन व्यवस्था है तो 1/2 विराम भत्ता अनुमत होगा।					घ. यदि भोजन व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक के माध्यम से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती है तो 1/2 विराम भत्ता अनुमत होगा।					
		ङ. यदि विराम स्थान पर निशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था है तो 1/4 विराम भत्ता अनुमत होगा।					ङ. यदि आवास एवं भोजन व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक के माध्यम से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती है तो 1/4 विराम भत्ता अनुमत होगा। लेकिन, यदि कोई अधिकारी किये गये वास्तविक व्यय के लिये बिल पेश किये बिना घोषणा पर भोजन व्ययों का दावा करता है तो वह 1/4 विराम भत्ते के लिये पात्र नहीं होगा।					

क्रम सं०	विनियम संख्या	वर्तमान विनियम	विनियम का आशोधित रूपांतर बोर्ड द्वारा किये गये आशोधन को ध्यान में रखने के बाद	बोर्ड द्वारा आशोधन अपनाये जाने की तारीख	अभ्युक्तियां
1		2	3	4	5
		च. सारे निरीक्षण अधिकारियों को मुख्यालय के बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर विराम के प्रतिदिन के लिये 1-1-1987 को और उस तारीख से 10 रु० का अनुपूरक दैनिक भत्ता दिया जा सकता है ।	च. सारे निरीक्षण अधिकारियों को मुख्यालय के बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर विराम के प्रतिदिन के लिये 1-1-1987 को और उस तारीख से 10 रु० का अनुपूरक दैनिक भत्ता दिया जायेगा ।		
		स्पष्टीकरण	स्पष्टीकरण		
		विराम भत्ते की संगणना के लिये "प्रतिदिन" का अभिप्राय है 24 घण्टों की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना वायुयान के मामले में प्रस्थान में लिये रिपोर्टिंग समय से तथा अन्य मामलों में प्रस्थान के अनुसूचित समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जायेगी । यदि कुल अनुपस्थिति अवधि 24 घण्टों से कम है तो, "प्रतिदिन" से ऐसी अवधि अभिप्रेत है जो 8 घण्टों से कम न हो ।	विराम भत्ते की संगणना के लिये "प्रतिदिन" का अभिप्राय है 24 घण्टों की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना वायुयान के मामले में प्रस्थान के लिए रिपोर्टिंग समय से तथा अन्य मामलों में प्रस्थान से अनुसूचित समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जायेगी । यदि कुल अनुपस्थिति अवधि 24 घण्टों से कम है तो "प्रतिदिन" से ऐसी अवधि अभिप्रेत है जो 8 घण्टों से कम न हो ।		
3.	44. (II)	1-1-1987 को और उस तारीख से जब कोई अधिकारी 4 सालों में एक बार छुट्टी किराया रियायत का उपयोग करता है तो उसे एक बार एक माह से अनधिक विशेषाधिकार छुट्टी अभ्यर्पित करके उसका नकदीकरण के लिये उस के द्वारा जिस माह में छुट्टी किराया रियायत ली जा रही है, उस माह के संबंध कुल अनुलाभों के लिये अनुमत किया जा सकता है ।	44(II) 1-6-1991 को और उस तारीख से जब कोई अधिकारी 4 सालों में एक बार छुट्टी किराया रियायत का उपयोग करता है तो उसे एक बार एक माह से अनधिक विशेषाधिकार छुट्टी अभ्यर्पित करके उसका नकदीकरण करने के लिये अनुमत किया जा सकता है । विकल्पतः उसे 2 वर्षों के 1 खण्ड में अपने गृह नगर की और दूसरे खण्ड में भारत के किसी भी स्थान की यात्रा करने पर प्रत्येक खण्ड में 15 दिनों की या एक खण्ड में 30 दिनों की विशेषाधिकार छुट्टी का नकदीकरण अनुमत किया जा सकता है । छुट्टी के नकदीकरण के लिये उस के द्वारा किस माह में छुट्टी किराया रियायत ली जा रही है, उस माह के संबंध कुल अनुलाभों के लिए अनुमत किया जा सकता है ।	14-3-1992	

1	2	3	4	5
	बशर्ते कि अधिकारी अपने विकल्प पर एक दिन की अतिरिक्त विशेषाधिकार छुट्टी के नकदीकरण की राशि प्रधान मंत्री राहत कोष के लिये दे सकता है जिसके लिये उसे बैंक को इस आशय का पत्र देते हुए राशि उक्त कोष में जमा करने का प्राधिकार देना होगा ।	बशर्ते कि अधिकारी अपने विकल्प पर एक दिन की अतिरिक्त विशेषाधिकार छुट्टी के नकदीकरण की राशि प्रधान मंत्री राहत कोष के लिये दे सकता है जिसके लिये उसे बैंक को इस आशय का पत्र देते हुए राशि उक्त कोष में जमा करने का प्राधिकार देना होगा ।		

एस० दिनेश नायक
महा प्रबंधक

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 13 मई 1992

सं० एन-15/13/12/3/91-यो० एवं वि०-(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1-5-92 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा राजस्थान कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1955 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ राजस्थान राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायेंगे ।

अर्थात्

"जिला जयपुर में तहसील सांगानेर में राजस्व ग्राम मदरामपुरा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र" ।

एम० घोष,
संयुक्त बीमा आयुक्त

क्षेत्रीय कार्यालय महाराष्ट्र

बम्बई-400013, दिनांक 3 अप्रैल 1992

सं० 31-व्ही-34-11(30) समन्वय कक्ष-एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (सामान्य) विनियम 10-ए-1 के अधीन पुणे क्षेत्र के लिए इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या 31-व्ही 34-11(30) समन्वय कक्ष, दिनांक 17-1-1989 द्वारा गठित स्थानीय समिति का पुनर्गठन किया जाता है, जिसके निम्नलिखित सदस्य होंगे तथा यह अधिसूचना की तारीख से लागू होगी :-

अध्यक्ष

विनियम 10-ए-1 (ए) के अन्तर्गत

1. श्रम उप आयुक्त,
पुणे

सदस्य

विनियम 10-ए-1(बी) के अन्तर्गत

2. प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी के प्रशासकीय अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना (डब्ल्यु० एम० आर०)
पुणे

विनियम 10-ए-1(सी) के अन्तर्गत

3. चिकित्सा निरीक्षक,
प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना (डब्ल्यु० एम० आर०),
पुणे

विनियम 10-ए-1(डी) के अन्तर्गत

4. श्री पी० डी० पाटील,
पर्सोनल एण्ड वेल्फेयर आफीसर,
स्वस्तिक रबड़ प्रोडक्टस, स्वस्तिक हाऊस,
खड़की, पुणे-411003

5. श्री बी० एन० नहार मालक
नहार प्लास्टिक्स प्रा० लि०,
एस-34 टी ब्लाक, एम० आई० डी० सी०,
भोसरी के पास, एम० आई० डी० सी०
पोस्ट आफिस, पुणे-411026

6. श्री डी० जे० भणगे,
एडवोकेट, मनेजमेंट कन्सल्टेंट,
इमकान एसोसिएट्स, बी-1, अश्विनी को० आ०
हाउसिंग सोसायटी, मुबंई-पुणे,
शिवाजीनगर, पुणे-411005

7. श्री एस० जी० चौधरी,
पर्सोनल आफीसर, इन्कब इंडस्ट्रीज लि०,
केबल हाउस, हडपसर इंडस्ट्रीयल इस्टेट,
पुणे-411013

विनियम 10-ए-1(इ) के अन्तर्गत

8. श्री एस० के० भट,
जनरल सेक्रेटरी, जनरल लेबर यूनियन,
बी-5 उमाशंकर काम्पलेक्स,
594, नारायण पेठ, कन्याशाला के पास,
पुणे-411030

9. श्री एम० बी० आपले, वाईस प्रेसीडेंट,
राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) कांग्रेस भवन,
पुणे-411005

10. श्री एस०बी० मनोहर,
जाइन्ट सेक्रेटरी, सर्व श्रमिक संघटना,
ट्रेड यूनियन सेंटर, 101 शिवाजीनगर,
पुणे-411005

11. श्री आर० टी० पुंड,
अध्यक्ष, पुणे जिला मजदूर सभा,
54, बुधवार पेठ, काकाकुवा मेंशन,
पुणे-411002

विनियम 10-ए-1(एफ) के अन्तर्गत

12. प्रबन्धक,
कर्मचारी राज्य बीमा निगम,
स्थानीय कार्यालय, पुणे

सं० 31-व्ही-34/11(40) समन्वय कक्ष—एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि कामगार राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 10-ए-1 के अधीन औरंगाबाद क्षेत्र के लिए इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या 31-व्ही-34-11 (40) समन्वय कक्ष, दिनांक 9-1-89 द्वारा गठित स्थानीय समिति का पुनर्गठन किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे तथा यह अधिसूचना की तारीख से लागू होगी :—

अध्यक्ष

1. विनियम 10-ए-1(ए) के अन्तर्गत
श्रम आयुक्त, औरंगाबाद

सदस्य

विनियम 10-ए-1 (बी) के अन्तर्गत

2. प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी के प्रशासन अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना, पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र,
पुणे

विनियम 10-ए-1 (सी) के अन्तर्गत

3. प्रभारी, चिकित्सा अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना, औषधालय,
औरंगाबाद

विनियम 10-ए-1 (डी) के अन्तर्गत

4. श्री रामचन्द्र निलकंठ भोंगले,
व्यवस्थापकीय संचालक, सिल्वर लाईट निर्लेप वेयर इंडस्ट्रीज प्रा० लि०, बी-8 इंडस्ट्रिल एरिया के पास, औरंगाबाद-431005

5. श्री केशव एकनाथराव तुपे,
संपादक, साप्ताहिक चौफेर, पानदरिबा,
औरंगाबाद

6. श्री ए० आर० खान,
कामगार तथा कल्याण अधिकारी,
औरंगाबाद टेक्सटाईल मिल्स, कोतवालपुरा,
औरंगाबाद

7. श्री आर० के० गाडोया,
व्यवस्थापकीय संचालक, महावीर पेपर प्रोडक्टस लि०,
ऐ-36-1, एम० आई० डी० सी०,
रेलवे स्टेशन रोड, औरंगाबाद-431005

विनियम 10-ए-1(ई) के अन्तर्गत

8. श्री बुद्धीनाथ बारल, जनरल सेक्रेटरी,
आल मराठवाडा, कामगार यूनियन,
कामगार भवन, एन-5, सिडको,
औरंगाबाद

9. श्री एम० ए० गफ्फार, सचिव
मराठवाडा राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ इंटक कार्यालय,
खडकेश्वर, काब्रा निवास, औरंगाद-431001

10. श्री रमेश पोले, जनरल सेक्रेटरी,
भारतीय मजदूर संघ, सुपारी हनुमान रोड,
2-15-21, औरंगाबाद

11. श्री उध्दव भवलकर, जनरल सेक्रेटरी,
औरंगाबाद मजदूर यूनियन,
सिटू कार्यालय, अंजनगर, औरंगाबाद

विनियम 10-ए-1 (एफ) के अन्तर्गत

12. प्रबन्धक, स्थानीय कार्यालय औरंगाबाद,
कर्मचारी राज्य बीमा निगम,
औरंगाबाद

सं० 31-व्ही-34-11(50) समन्वय कक्ष—एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 10-ए- के अधीन "मिरज" क्षेत्र के लिए इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या 31-व्ही-34-11(50) समन्वय कक्ष, दिनांक 19-4-1989 के अनुसार गठित स्थानीय समिति का पुनर्गठन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे । यह समिति इस अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होगी :—

अध्यक्ष

विनियम 10-ए-1 (ए) के अन्तर्गत

(1) सहायक श्रम आयुक्त,
सांगली

सदस्य

विनियम 10–ए–1(बी) के अन्तर्गत

(2) प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी के
प्रशासकीय अधिकारी
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
डब्ल्यु० एम० रिजन, 966 रविवार पेठ,
पुणे

विनियम 10–ए–1 (सी) के अन्तर्गत

(3) चिकित्सा अधिकारी प्रभारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना औषधालय,
मिरज

विनियम 10–ए–1 (डी) के अन्तर्गत

(4) श्री अनन्त दत्तात्रेय देशपांडे, संचालक,
फाईन स्प्रैंही एसोसिएट्स एण्ड इंजीनियरस
प्रा० लि०, सी–45/2, एम० आई० डी० सी०,
मिरज–416410

(5) श्री डी० ए० शिंदे,
शान्ती प्रेस्टिस्ड प्रोडक्टस,
सी–64, एम० आई० डी० सी०,
मिरज–416410

विनियम 10–ए–1 (इ) के अन्तर्गत

(6) श्री टी० बी० पाटील, महा सचिव,
सर्व श्रमिक संघ, 559, माली गल्ली, शिवाजीनगर,
सांगली

(7) श्री पी० वी० जोग,
कार्यकारी सदस्य, मिरज तालुका गिरणी
कर्मचारी संघ, कामगार भवन,
महात्मा गांधी रोड, सांगली,
जिला सांगली

विनियम 10–ए–1(एफ) के अन्तर्गत

(8) प्रबन्धक,
कर्मचारी राज्य बीमा निगम,
स्थानीय कार्यालय मिरज

सं० 31–व्ही–34–11(52) समन्वय एकक—एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य), विनियम 1950 के विनियम 10–ए–1 के अधीन पिंपरी-चिंचवड क्षेत्र के लिए इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या 31–व्ही–34–11(52) समन्वय कक्ष, दिनांक 3–2–89 द्वारा गठित स्थानीय समिति का पुनर्गठन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे तथा इस अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होंगे :—

अध्यक्ष

विनियम 10–ए–1 (ए) के अन्तर्गत

(1) श्रम उपायुक्त, पुणे

सदस्य

विनियम 10–ए–1 (बी) के अन्तर्गत

(2) प्रशासकीय चिकित्सा कार्यालय के प्रशासकीय अधिकारी
कर्मचारी राज्य बीमा योजना
(डब्ल्यु० एम० आई०) पुणे–2

विनियम 10–ए–1 (सी) के अन्तर्गत

(3) चिकित्सा अधिकारी प्रभारी,
कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय,
पिंपरी, पुणे

विनियम 10–ए–1 (डी) के अन्तर्गत

(4) श्री पी० डी० भिण्डे, कामगार सल्लागार,
मराठा चेम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज,
पुणे–411030।

(5) श्री एस० पी० शिन्दे, भागीदार,
ॲरिस्टो फाइलस मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी,
डब्ल्यू० 229/इ, भोसरी इण्डस्ट्रियल एरिया,
पुणे–411026।

(6) श्री आर० वी० कुलकर्णी,
व्यवस्थापक,
थरमक्स लिमिटेड, चिंचवड,
पुणे–411019

(7) श्री जान्सन जोसेफ,
सहायक महाव्यवस्थापक, कायनेनिक इंजिनियरिंग लि०,
डी–1, ब्लाक, प्लाट नं० 18/2, चिंचवड,
पुणे–411019

विनियम 10 ए–1 (इ) के अन्तर्गत

(8) श्री वी० पी० नातू,
संयुक्त सचिव/सहसचिव, नेशनल फेडरेशन आफ लेबर,
गांधी काम्पलेक्स, 212 नारायण पेठ,
एन० सी० केलकर रोड,
पुणे–411030

(9) श्री जी० पी० कदम, सह सचिव,
राष्ट्रीय श्रमिक संघ,
637 बी, शिवाजी नगर,
डेक्कन जिमखाना,
पुणे–411004।

(10) श्री आर० बी० शरमाले,
सेक्रेटरी, पुणे मजदूर सभा,
54 बुधवार पेठ, काका कुवा मेन्शन,
लक्ष्मी रोड,
पुणे–411002

(11) श्री एन० ए० जोशी,
ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी, पुणे जिला कामगार संघ,
द्वारा भारतीय मजदूर संघ,
185, शनिवार पेठ,
पुणे–411030

विनियम 10–ए–1 (एफ०) के अन्तर्गत

(12) प्रबन्धक,
कर्मचारी राज्य बीमा निगम,
स्थानीय कार्यालय चिंचवडा

सं० 31–व्ही–34–11(54)समन्वय एकक:—एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 10–ए–1 के अधीन "लोनावला" तलेगांव क्षेत्र के लिये इस कार्यालय की अधिसूचना 31–व्ही–34–11(54) स्था० 1, दिनांक 13–2–89 के द्वारा गठित स्थानीय समिति का पुनर्गठन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे। यह समिति इस अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होगी:—

अध्यक्ष

(1) विनियम 10–ए–1(क) के अन्तर्गत
श्रम उपायुक्त, पुणे

सदस्य

विनियम 10–ए–1(ख) के अन्तर्गत

(2) प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
966, रविवार पेठ,
पुणे–2

विनियम 10–ए–1(ग) के अन्तर्गत

(3) चिकित्सा निरीक्षक,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
966 रविवार पेठ,
पुणे–2

विनियम 10–ए–1(घ) के अन्तर्गत

(4) श्री दिलीपकुमार शिवलाल शाह,
पार्टनर, शिवलीला इण्डस्ट्रीज,
76, लोणावला इण्डस्ट्रियल को० आप० इस्टेट,
नगरगांव,
लोणावला–411401

(5) श्री शंकर परशुराम शेलके, कल्याण अधिकारी,
एस्टीफिक्शन बेरींग्ज, लि०, पी० जे० नेहरू मार्ग,
लोणावला–410401

(6) श्री मंजूनाथ गोबिन्द हेगडे,
प्रशासकीय अधिकारी,
परफेक्ट इंजिनियरिंग प्राडक्टस प्रा० लि०,
172, तुंगर्ली, लोणावला–410403

विनियम 10–ए–1(ङ) के अन्तर्गत

(7) श्री विष्णु कोंडीराम चव्हाण, अध्यक्ष
मावल श्रमिक संघ, तपोधाम कालोनी,
तलेगांव स्टेशन, तालुका, मावल,
जिला पुणे।

(8) श्री नरेश तुकाराम खोंडगे, एकक सचिव,
भारतीय कामगार सेना बेंच, पुणे-मुम्बई मार्ग,
अकुर्डी, पुणे–35

(9) श्री जगन्नाथ काशिनाथ सहस्त्रबुद्धे,
संयुक्त सचिव, नेशनल फेडरेशन आफ लेबर,
गांधी काम्पलेक्स, 212 नारायण पेठ,
एन० सी० केलकर रोड,
पुणे–411030

(10) विनियम 10–ए–1 (च) के अन्तर्गत
प्रबन्धक,
स्थानीय कार्यालय लोणावला,
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

आदेशानुसार,
आर० आर० कुम्भारे
क्षेत्रीय निदेशक

श्रम मंत्रालय

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली–110001, दिनांक 8 मई 1992

सं० एफ० पी० 2(121)/91/1663—जहां मैसर्स भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्ज लिमिटेड, बंगलौर (कोड संख्या के० एन०/6692) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 (1 सी०) के अन्तर्गत, कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम 1971 से छूट प्रदान करने के लिये अपने एक कर्मचारी श्री एम० एल० अबरोल के सम्बन्ध में आवेदन भेजा है।

चूंकि मैं ब० ना० सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से सन्तुष्ट हूं कि भारत सरकार पेंशन नियम (सी० सी० एस० पेंशन नियम) के अन्तर्गत परिवार पेंशन के रूप में लाभ जो कि उक्त स्थापना के इस कर्मचारी पर लागू है, कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम 1971 के अन्तर्गत उपलब्ध लाभ से अधिक अनुकूल हैं।

उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1 सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं ब० ना० सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त स्थापना के कर्मचारी, जो कि उक्त स्थापना में आने से पूर्व केन्द्रीय सरकार की नौकरी में था, तथा सी० सी० एस० पेंशन नियमों द्वारा शासित था, को निम्नलिखित शर्तों पर अधिसूचना के जारी होने की तिथि से या नौकरी की अन्तिम तिथि से उन कर्मचारियों के सम्बन्ध में जो सरकार के 22–1–90 के आदेश के अनुसरण में 22–1–90 से 21–7–90 के बीच विकल्प देने के बाद सेवा निवृत्त हुए को कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम, 1971 के सभी उपबन्धों को लागू करने से छूट प्रदान करता हूं।

1. ये कर्मचारी छूट की तिथि से कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम, 1971 के अन्तर्गत किसी लाभ के पात्र नहीं होंगे।

2. कर्मचारी परिवार पेंशन स्कीम, 1971 से छूट प्रदान करने के लिये एक बार दिया गया विकल्प अन्तिम होगा।

3. उक्त प्रत्येक कर्मचारी से संबंधित नियोक्ता संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को वे रिटर्न भेजेगा, वे लेखे तैयार करेगा और निरीक्षण करने की वे सुविधायें देगा जिसे समय-समय पर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त निदेश करेगा।

दिनांक 11 मई 1992

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1667—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उप-धारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है।

अनुसूची—1

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	स्थापना को छूट बढ़ाने के लिये भारत सरकार के अधिसूचना की संख्या तथा तिथि	पहले से प्रदान की गई छूट की समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके लिये और छूट दी है	के० भा० नि० आ० फाइल नं०
1.	मैसर्स यू० बी० एस० पब्लिशर्ज डिस्ट्रीब्यूटर लि०, 5-अनसारी रोड, पोस्ट बाक्स नं० 7015, न्यू दिल्ली—110002	डी० एल०/1061	2/1959/डी० एल० आई०/एक्जम/89/भाग-1/20-11-91	26-11-91	27-11-91 से 26-11-94	2/486/81-डी० एल० आई०
2.	मैसर्स हिन्दुस्तान फरटीलाईजर, कारपो० लि०, मधुबन, 55, नेहरू प्लेस, न्यू दिल्ली	डी एल०/4869	वही 7-11-90	28-2-90	1-3-90 से 28-2-93	2/727/82-डी० एल० आई०

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभार का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खंड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अंतर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बताये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को अंतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तिसंगत अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1675—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सम्बद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची-2 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने (अनुसूची-1) में उल्लिखित दिल्ली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त दिल्ली ने स्कीम की धारा 28(7) के अंतर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं।

अनुसूची–1

क्रम संख्या	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	छूट की प्रभावी तिथि	के०भ० नि० आ० फाइल संख्या
1.	मैसर्स मदन ब्रदर्स बी–25 फेज–1 मायापुरी न्यू दिल्ली–110064	डीएल/2533	1–11–90 से 31–10–93	2/4125/92–डी० एल० आई०
2.	मैसर्स सनातन धर्म पब्लिक स्कूल ईस्ट पंजाबी बाग रोड, नं० 10 न्यू दिल्ली–110026	डी० एल/9449	1–11–88 से 31–10–91	3/4126/92–डी० एल० आई०
3.	मैसर्स इन्टरनेशनल सिविंग (इण्डिया) प्रा० लि०, 75 लिंक रोड, लाजपत नगर–III, न्यू दिल्ली–110024 (साथ में सभी शाखायें जो इस कोड में स्थित है)	डी० एल/6708	1–12–87 30–11–90	2/2032/89–डी० एल० आई०

अनुसूची- II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करें।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु-संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करें, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नामनिर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1683—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल हैं (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है।

अनुसूची–1

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	स्थापना को छूट बढ़ाने के लिये भारत सरकार के अधिसूचना की संख्या तथा तिथि	पहले से प्रदान की गई छूट की समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके लिये और छूट दी गई है।	के०भ०नि०आ० फाइल संख्या
1.	मैसर्स दि कुडप्पा जिला को० अ० सैन्ट्रल बैंक लि०, पी० बी० 31, हैड आफिस, कुडप्पा–516001 (एपी०)	ए०पी/2375	2/1959/डी०एल० आई०/एक्जम/89/भाग–1 दिनांक 24–9–90	28–2–90	1–3–90 से 28–2–93	2/3036/90–डी० एल० आई०
2.	मैसर्स स्टैण्डर्ड इक्यूटी फण्ड लि०, 6–3–927, सोमा–जी–गुडा, हैदराबाद–500482	ए० पी/17049	वही दिनांक 22–5–90	30–11–90	1–12–90 से 30–11–93	2/2704/90–डी० एल० आई०
3.	मैसर्स सपोंगा आयरन इण्डिया लिमिटेड, एल० आई० आई० एल० कम्पस–507154 पलोंचा, खम्मम जिला	ए० पी/4687	वही दिनांक 13–2–90	11–2–92	12–2–92 से 11–2–95	2/704/82–डी० एल० आई०
4.	मैसर्स सरवरया टैक्सटाईल्ज लिमिटेड, पी० बी० नं० 63, बीच रोड–कामोनाडा–533007 (ए० पी०)	ए पी/370	वही दिनांक 16–2–91	31–12–91	1–1–92 से 31–12–94	2/3347/90–डी० एल० आई०

अनुसूची–II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशिती को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है, अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1691—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अन्तर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम को सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2 (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है।

अनुसूची–I

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	स्थापना को छूट बढ़ाने के लिए भारत सरकार के अधिसूचना की संख्या तथा तिथि	पहले से प्रदान की गई छूट की समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके लिए के०भ०नि०आ० और छूट है	फाइल संख्या
1	2	3	4	5	6	7
1.	मैसर्स श्री जयाज्योथी एण्ड कम्पनी नं० 70, अलगई नगर, राजापलायम-626117	टी० एन/182	2/1959/डी०एल० आई/89/पार्ट/545 दिनांक 1-9-89	31-8-80	1-9-90 से 31-8-93	2/2235/89-डी० एल० आई०
2.	मैसर्स वैली टैक्सटाइलस मिल्स (प्रोपराईटरस वैली काटन ट्रेडर्स लि०) (एन० वेंकटेशवरापुरम एन० सुब्रयापुरम (पी० ओ०) मदुर (टी० के)	टी० एन/20015	2/1959/डी० एल० आई/89/पार्ट-1 दिनांक 14-3-90	31-12-90	1-1-91 से 31-12-93	2/2457/90-डी० एल० आई०

1	2	3	4	5	6	7
3.	मैसर्स जनथा इण्डस्ट्रीज शंकरनकोल रोड,	राजापलायम–626117	टी० एन/20376	2/1959/डी० एल० आई/89/पार्ट–1 दिनांक 12–9–90	28–2–90	1–3–90 से 28–2–93	2/2876/90–डी० एल० आई०
4.	मैसर्स मुथया, अलागप्पा मैट्रीक्यूलेशन हायर सैकेण्डरी स्कूल कोटाईयूर	टी० एन०/20738	2/1959/डी० एल० आई/89/पार्ट–1 दिनांक 12–9–90	28–2–90	1–3–90 से 28–2–93	2/2869/90–डी० एल० आई०.

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खंड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते है तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती, तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1699—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19)

की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अन्तर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है ।

अनुसूची–I

क्रम संख्या	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	स्थापना को छूट बढ़ाने के लिए भारत सरकार के अधिसूचना की संख्या तथा तिथि	पहले से प्रदान की गई छूट की समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके लिए और छूट दी गई है	के०भ०नि०आ० फाइल संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	मैसर्स मदुरनटकम को-आपरेटिव सुगर मिल्स, पोडलम–603308	टी० एन०/3466	2/1959/डी० एल० आई०/एक्जम/89/पार्ट–1/1568 दिनांक 10–9–91	4–2–92	5–2–92 से 4–2–95	2/1092/84–डी० एल० आई०
2.	मैसर्स टक्सटाइल्स (इण्डिया) लिमिटेड 179, टी० एच० रोड, मद्रास–81	टी० एन०/3829	एम–35014/40/88/एस० ए० II दिनांक 27–6–88	26–6–91	27–6–91 से 26–6–94	2/1757/88–डी० एल०आई०
3.	मैसर्स एम० ए० खिजार हुसैन एण्ड सन्स, 91, एम० बी० टी०, रोड, रानीपत	टी० एन०/4088	2/1959/डी० एल० आई०/89/पार्ट–1 दिनांक 18–9–89	28–2–91	1–3–91 से 28–2–94	2/2068/89–डी० एल० आई०
4.	मैसर्स शिवनन्दा स्टील्स लिमिटेड प्लाट नं० 18 से 20, अम्बाटूर इन्डस्ट्रीयल एस्टेट अम्बाटूर मद्रास–600058	टी० एन०/6361	2/1959/डी एल० आई०/एक्जाम/89/पार्ट–1 दिनांक 14–6–89	7–1–92	8–1–92 से 7–1–95	2/779/82–डी०एल०आई०
5.	मैसर्स थिरुमलाई केमिकल्स लिमिटेड 25 ए, सिपकोट इन्डस्ट्रीयल कोम्पलेक्स, रानीपत–632403 एन० ए० डी० टी०	टी एन०/10733	2/1959/डी एल०आई०/एक्जाम/89/पार्ट–1 दिनांक 18-9-89	30–11–90	1–12–90 से 30–11–93	2/2079/89–डी० एल० आई०

1	2	3	4	5	6	7
6.	मैसर्स इसर ग्लास वर्क्स (प्रा०) लिमिटेड, 20/6, डिवोलप्ड प्लाट, अम्बाटूर इन्डस्ट्रीयल एस्टेट, मद्रास-600058	टी०एन०/12452	2/1959/डी एल०आई०/एक्जम/पार्ट 89/पार्ट-1 दिनांक 4-10-89	31-8-91	1-9-91 से 31-8-94	2/2569/90-डी० एल० आई०
7.	मैसर्स साहा केल लि० सी-6, 7 एण्ड 8 इन्डस्ट्रीयल काम्पलैक्स, मैरियाम्मलाई नगर, 603209, चिंगलीपुट डिस्ट्रिक्ट	टी०एन०/17201	2/1959/डी०एल०आई०/एक्जम/89/पार्ट-1 दिनांक 29-8-90	28-2-90	1-3-90 से 28-2-93	2/2735/90-डी० एल० आई०
8.	मैसर्स टैक्सटन कैमिकल्स (प्रा०) लिमिटेड, न० 21, डाक्टर नेटसन सलाई, अशोक रोड़, मद्रास-600083	टी०एन०/17372	2/1959/डी०एल०आई०/एक्जम/89/पार्ट-1 दिनांक 4-10-89	28-2-90	1-3-90 से 28-2-93	2/2571/90-डी० एल० आई०

अनुसूची- II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करें, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अंतर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा।

12. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

दिनांक 12 मई 1992

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/1707—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची-2 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने (अनुसूची-1) में उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त मद्रास ने स्कीम की धारा 28(7) के अंतर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं।

अनुसूची-I

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	छूट की प्रभावी तिथि	के०भ०नि०आ० फाइल संख्या
1	2	3	4	5
1.	मैसर्स रैरीस कन्फेक्शनरी लिमिटेड डेयर हाउस, दूसरी मंजिल, पी० बी० नं० 2040 मद्रास-600001 (छः शाखों सहित जोकि इसी कोड नं० के अन्तर्गत)	टी० एन०/345-बी	1-4-90 से 31-3-93	2/4018/92-डी० एल० आई०
2.	मैसर्स वमरापक्कम मिल्क प्रोड्यूसर्स कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड टी० पी० डी० 44, वमरापक्कम-632504 नार्थ आरकोट अम्बेडकर डिस्ट्रिक्ट	टी० एन०/10080	1-10-88 से 30-9-91	2/4016/92-डी० एल० आई०
3.	मैसर्स पटोलाइजेशन डिस्पेंसरी ई० आई० डी० पैरी (इण्डिया) लिमिटेड रानीपेट-632401 नार्थ आरकट डिस्ट्रिक	टी० एन०/11083	1-3-90 से 28-2-93	2/4017/92-डी० एल० आई०
4.	मैसर्स पोस्टलिया इंटर फेंक प्रा०, लिमिटेड, 61, माउरथ रोड, मद्रास-600008 (इसी कोड नं० के अन्तर्गत शाखों सहित)	टी० एन०/11252	1-11-89 से 30-10-92	2/4014/92-डी० एल० आई०
5.	रैमं ईश्म फाउन्डेशन 109, एम एन रोड ऐमिगीरी, मद्रास-29	टी एन /17437	1-11-89 से 31-10-92	2/4033/92-

अनुसूची -II

